

महाकोशल कालेज में पौधारोपण करते शिक्षक–शिक्षिकाएं । सौजन्य कालेज

# प्रति वर्ष में कम से कम 10 पौधे जरूर लगाएं

**नईदुनिया प्रतिनिधि, जबलपुर :** पीएमश्री महाकोशल कालेज में 'एक पौधा मां के नाम' अभियान के अंतर्गत पौधा रोपा गया। महाविद्यालय परिसर के विद्यावन में स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना के संभागीय नोडल अधिकारी प्रो. अरुण शुक्ल बोले– पर्यावरण को बचाने के लिए पौधा लगाना बहुत जरूरी है। हर व्यक्ति को प्रति वर्ष में कम से कम 10 पौधे लगाने चाहिए। पर्यावरण संतुलन से ही मानव सुरक्षित रहेगा। इस अवसर पर डा. शिवचंद्र वल्के, डा. पुष्पा तनेजा, डा. कविता शाक्य, डा. महेन्द्र कुशवाहा, डा. नजुमनिशा, डा. नीलिमा, डा. तरुणेंद्र साकेत उपस्थित थे।